मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
"चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड नं.1, भोपाल – 462011

## परीक्षा शुल्क वापसी के संबंध में सूचना

## समूह-02 उप समूह-04 के अंतर्गत संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026

समूह-2 उप समूह-4 के अंतर्गत संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 दिनांक 04.08.2026 को विज्ञापित की गई थी, जिसके अंतर्गत दिनांक 04.08.2026 से 21.08.2026 तक ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए थे।

उक्त परीक्षा में पंचायत राज संचालनालय के अंतर्गत विज्ञापित पद कोड 97 खंड पंचायत अधिकारी (सीधी भर्ती), पद कोड 98 डाटा एंट्री ऑपरेटर (संविदा), पद कोड 99 डाटा एंट्री ऑपरेटर (संविदा बैकलॉग), पद कोड 100 पंचायत समन्वय अधिकारी (सीधी भर्ती) एवं पद कोड 101 पंचायत समन्वय अधिकारी (बैकलॉग) को विलोपित किया गया था।

उक्त विज्ञापन के अंतर्गत केवल उपरोक्त पद कोड 97, 98, 99, 100 एवं 101 के लिए आवेदन भरने वाले आवेदकों की परीक्षा शुल्क वापसी (Refund) की कार्रवाई मंडल द्वारा दिनांक 17.09.2026 से 27.09.2026 तक निर्धारित की जाती है।

अतः परीक्षा शुल्क वापसी हेतु संबंधित आवेदक अपनी आवश्यक जानकारी/आवेदन एमपी ऑनलाइन (MP Online) के पोर्टल के माध्यम से निर्धारित समयावधि में दर्ज करना सुनिश्चित करें, ताकि नियमानुसार परीक्षा शुल्क वापसी की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की जा सके।

| परीक्षा शुल्क वापसी हेतु आवेदन की तिथि | |
|---|---|
| प्रारंभिक तिथि | अंतिम तिथि |
| 17.09.2026 | 27.09.2026 |

नियंत्रक
म.प्र.कर्मचारी चयन मंडल,
भोपाल